तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 सरेकेल में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता ...



12 देवरी स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई



# मंदिर के बाजू शराबियों का जमावड़ा, सुबह से पीछे बिकती है शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

## सुबह 6 से 10 बजे तक व्यापार में अच्छी कमाई युवाओं को कर रही है पथभ्रष्ट

शराब दुकानों के बंद होने के बाद से खुलने तक क्षेत्र में सर्वाधिक शराब अवैध रुप से बेची और परोसी जा रही है। यह तस्वीर शहर के भलेसर मार्ग की है जहां सितली नाला के समीप स्थित मंदिर के ठीक बाजू अवैध तरीके से चखना सेंटर संचालित है। शराब के शौकीन यहां पर सुबह से जुट जाते हैं। इसके ठीक पीछे परसकोल मार्ग में एक ठिकाना है जहां इन्हें आसानी से शराब मिल जाती है। यहां पर शराब बेचने के लिए खेतों के बीच बोरियों में शराब छिपाकर रखी जाती है। ग्राहक के आते ही निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर आसानी से शराब सुरा प्रेमियों के हवाले कर दी जाती है जिसके बाद वे मंदिर के पास स्थित एक होटल जो अवैध चखना सेंटर के तौर पर अपनी सेवाएं देते हुए यहां पानी डिस्पोजल और खाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

- सितली नाला के समीप स्थित मंदिर के ठीक बाजू अवैध तरीके से चखना सेंटर संचालित





### रोज का हजार रुपए का फायदा

यहां पर शराब बेच रहे नयापारा निवासी युवक ने बताया कि वे 3 लोग है। रोज शराब दुकानों के खुलने के बाद 5-10 पौव्वा कई बार लेकर इकठ्टा करते हैं और भलेसर मार्ग में सुबह 6 बजे से शराब दुकानों के खुलने तक अच्छा खासा धंधा हो जाता है। 2 से 3 पेटी शराब बेचने से उन्हें 2 से 3 हजार का फायदा रोज होता है। शराब बेचने वालों का स्पष्ट कहना है कि सुबह सवेरे पुलिस और आबकारी एक्टिव नही रहते इसलिए 4 घंटे का धंधा कर निकल जाते हैं। और कहीं पकड़े गए तो स्थानीय नेताओं की भी संरक्षण उन्हें प्राप्त है।

### शहर के गली मोहल्ले भी अछूते नहीं अवैध शराब बिक्री से

जिला मुख्यालय के महज 2 किमी की दूरी पर यह हाल सोचना पर मजबूर करता है। वहीं इस अवैध व्यापार से शहर के गली मोहल्ले अछूते नही। बस स्टेण्ड और आसपास के इलाके शराब की अवैध बिक्री के लिए पहले ही बदनाम है। हाल ही में एक अवैध शराब बेचने वाले का साथ हुए विवाद में शराब विक्रेता सरेआम यह कहता नजर आया कि पुलिस तो क्या कोई भी उसे शराब बेचने से नही रोक सकता।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद**। ग्राम झलप में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बरेकेल निवासी देवेद्र कुमार टंडन 2 फरवरी को मेषकुमार टंडन के साथ उसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जी 0420 से झलप से वापस घर ग्राम बरेकेल जा रहे थे कि शाम करीबन 4 बजे एनएच 53 सर्विस रोड एटीएम के पास ग्राम झलप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उनकी बाइक को पीछे से ठोकर मारकर कर भाग निकला। एक्सीडेंट से प्रार्थी को दाहिने पैर, कमर में तथा मोटर सायकल के पीछे बैठे मेषकुमार टंडन के सिर, नाक, कंधा में चोटें आई हैं। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तालाब के पास जुआ फड़ में कार्रवाई, 12 लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। शहर के मौहारीभांठा स्थित टामकी तालाब के आसपास जुआ संचालित होने की सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 12 लोगों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मौहारीभाठा टामकी तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रेड कार्यवाही कर घेराबंदी की। जहां से जलधर पिता बंधु सोनवानी (32 साल), गिरधारी पिता मदनलाल साहू, प्रियांशु पिता सोनेश्वर चंद्राकर, गोविंद पिता मन्नालाल निर्मलकर, नितेश पिता स्व. दिलीप चंद्राकर, मोहन पिता सुरजीत सिंग, भूपेंद्र पिता मदन साहू, प्रकाश पिता अशोक साहू, उदय पिता राजू सिन्हा, अजय पिता श्याम कहार जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ाए। वहीं दो अन्य के खिलाफ नाल निकालकर जुआ खिलाए जाने के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है। कार्रवाई के दौरान 10 आरोपी पकड़े गए, जिनके पास से नगद, मोबाइल वाहन आदि कुल कीमत 3,18,500 रुपए को बरामद की है।

## कार्रवाई : दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने मध्यप्रदेश से किया गिरफ्तार

# पुलिस पर जानलेवा हमला करने वाले अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों को वाहन से कुचलने का किया था प्रयास

ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों को वाहन से कुचलने का प्रयास करने वाले गांजा तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। हत्या के प्रयास के मामले में दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी को थाना सांकरा पुलिस को नेशनल हाईवे पर एक मारुति सुजुकी इको वाहन एमपी 05 जेडई 8685 में गांजा तस्करी की सूचना मिली। घेराबंदी के दौरान जब पुलिस ने वाहन रोकने का संकेत दिया, तो तस्करों ने रुकने के बजाय तेज रफ्तार गाड़ी से पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की। सतर्कता के चलते जवान तो सुरक्षित रहे। लेकिन, तस्करों ने पुलिस की गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी, जिससे पुलिस वाहन में आग लग गई। मौका पाकर आरोपी अपनी वाहन छोड़कर फरार हो गए।

मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एएनटीएफ और सांकरा पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी विश्लेषण और डेटा एनालिसिस के जरिए पुलिस आरोपियों की लोकेशन ट्रैक करते हुए मध्यप्रदेश पहुंची।



### दो आरोपियों की हुई है गिरफ्तारी

राकेश चौकसे (32 वर्ष) निवासी नरसिंहपुर, मध्यप्रदेश, यह पेशे से ट्रक ड्राइवर है और तस्करी के लिए वाहन चला रहा था। मोनू राय (34 वर्ष) निवासी होशंगाबाद, मध्यप्रदेश, यह वाहन का स्वामी है और फॉरवर्ड लिंक के रूप में काम करता था। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले डेढ़ साल से गांजे की पुड़िया बनाकर बेचने के अवैध कारोबार में संलिप्त है।

### करोड़ों की जब्ती और सख्त कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में 39.680 किलोग्राम गांजा कीमत 19.84 लाख रुपए और तस्करी में प्रयुक्त इको कार कीमत 8 लाख रुपए जब्त की है। अधिकारियों ने बताया कि साल 2026 में अब तक 30 प्रकरणों में पुलिस ने 2152.981 किग्रा मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी कुल बाजार कीमत लगभग 10 करोड़ 73 लाख रुपये से अधिक है।



### नशीले इंजेक्शन की तस्करी करते तीन गिरफ्तार

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और सरायपाली पुलिस ने नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्कूटी पर प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई की जा रही है। घेराबंदी कर जब एक्टिवा सीजी 06 एचडी 7122 की तलाशी ली गई, तो सीट के नीचे से 90 नग पेंटाजोसिन इंजेक्शन और सिरिंज बरामद हुए। पुलिस ने सरायपाली निवासी किशन चौधरी और अविनाश बाग को गिरफ्तार किया है। साथ ही, इनके बैकवर्ड लिंक की जांच करते हुए ओडिशा के बरगढ़ निवासी टिकेश्वर दास को भी दबोचा गया। पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ स्कूटी और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत 82,657 रुपये आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



### सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

**महासमुंद**। पिथौरा में एक सूने घर में चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पिथौरा पुलिस को सुखचरण चतुर्वेदी ने बताया कि वह वार्ड क्र. 03 खेल मैदान के पीछे पिथौरा का रहने वाला है तथा जनपद पंचायत फिंगेश्वर में करारोपण अधिकारी है। वह 1 फरवरी को वह अपने परिवार के साथ आवश्यक कार्य के सिलसिले में घर में ताला बंद करके रायपुर गया था। 4 फरवरी को पड़ोसी ललिता चौधरी ने फोन करके चैनल गेट का ताला व घर के सभी कमरों के खुले होने की जानकारी दी। वापस आकर देखा तो र के सामने का चैनल गेट का कुंडी टूटा हुआ था, तब अंदर प्रवेश किया देखा, घर के सभी कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। घर एवं आलमारी में रखे चार नग चांदी के पायल 18 तोला कीमत 10000, कांसा का थाली चार नग कीमत 1500, 3. पीतल का बर्तन एक नग कीमत 1500, पीतल का बर्तन पानी पीने का एक नग कीमत 1500, कांसे का लोटा एक नग कीमत 1300 रुपये और नगदी रकम 5000 रुपए कुल 20800 रुपए की चोरी किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(4) अपराध दर्ज किया गया है।

## आम बौर



**महासमुंद**। बसंत पंचमी पर्व के साथ ही इस वर्ष अनुकूल मौसम के चलते अभी से आम के पेड़ों में बौर लग गए हैं। पेड़ों में यह सुनहरा आच्छादन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बता दें कि कनेकेरा मार्ग पर आम के कतारबद्ध पेड़ इस मार्ग की खूबसूरती में भी चार चांद लगा रहे हैं।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी किसान की मेहनत, पटवारी ने मांगी रिश्वत, नहीं हुआ धान का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार एक ओर किसानों से उनकी उपज का दाना-दाना खरीदने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर बैठे अधिकारी शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। ताजा मामला बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कोमा से सामने आया है, जहां एक किसान को अपनी ही फसल बेचने के लिए पटवारी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

ग्राम कोमा निवासी किसान रामासिंग निषाद ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत बीकेबाहरा में 4.75 एकड़ कृषि भूमि है। इस जमीन पर वे प्रतिवर्ष मेहनत कर धान की फसल उगाते हैं और सरकारी समिति में विक्रय करते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने अपनी मेहनत की फसल तैयार की। लेकिन, जब धान बेचने की बारी आई, तो उन्हें सिस्टम की खामियों और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ा।

पीड़ति किसान का आरोप है कि उन्होंने अब तक मात्र 59 कट्टा धान की बिक्री की है। जबकि, उनकी शेष उपज अभी भी नहीं बिकी है। किसान ने बताया कि जब वे धान के सत्यापन के लिए पटवारी के पास गए, तो उनसे 2,000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई। रामासिंग



निषाद ने कहा, मेरे पास पटवारी को देने के लिए पैसे नहीं थे, इसलिए मैंने रिश्वत देने से मना कर दिया। इसके बाद पटवारी ने द्वेषवश मेरी भूमि का उचित सत्यापन नहीं किया।

### समिति और पटवारी के बीच चक्कर काटता किसान

सत्यापन न होने के कारण सोसायटी ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। किसान का कहना है कि पटवारी ने लिखित में रिपोर्ट दे दी है कि उनके पास और धान नहीं है। किसान अब तक कई बार सोसायटी और पटवारी कार्यालय के चक्कर काट चुका है, लेकिन उसकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है। अपनी उपज न बिकने के कारण किसान के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### किसान ने की कार्यवाही की मांग

पीड़ति किसान रामासिंग निषाद ने अब प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उनकी मांग है कि संबंधित पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के लिए सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उनकी भूमि का दोबारा पारदर्शी तरीके से सत्यापन कराया जाए। शेष बचे हुए धान की बिक्री सुनिश्चित कराई जाए ताकि उनकी सालभर की मेहनत बेकार न जाए।

# गौरव पथ निर्माण में लापरवाही, बिना संकेतक के काम जारी होने से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के कलेक्ट्रोरेट मार्ग पर इन दिनों

- निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी की जा रही

गौरव पथ का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी की जा रही है, जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए खतरा बढ़ गया है। निर्माण स्थल पर ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार का सूचना बोर्ड या चेतावनी संकेतक नहीं लगाया गया है। सड़क पर निर्माण सामग्री बिखरी हुई है और कहीं-कहीं गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। रात के समय रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है।



यह मार्ग शहर का प्रमुख मार्ग होने के साथ यहां पर जिले के सभी आला अफसरों की आवाजाही रहती है। यहां दिन भर वाहनों का भारी दबाव रहता है। बिना किसी सूचना या डायवर्सन प्लान के काम चलने से वाहन चालक अचानक निर्माण सामग्री के करीब पहुंच रहे हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि वाहनों के आपस में टकराने और दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभाग को निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए थे। धूल और बिखरे हुए पत्थरों के कारण दोपहिया वाहन चालक के फिसलने की आशंका बनी रहती हैं। यदि समय रहते यहां संकेतक और घेराबंदी नहीं की गई, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### वाहन चालकों और लोगों में नाराजगी

निर्माण कार्य में हो रही देरी और अव्यवस्था को लेकर राहगीरों में भारी रोष है। मार्ग से गुजरने वाले कुछ वाहन चालकों ने अपनी समस्याएं इस प्रकार साझा कि हैं जिसमें दोपहिया चालक राजेश ने बताया है कि सड़क पर गिट्टी फैली हुई है। कल शाम अचानक सामने आए गड्ढे से बचने के चक्कर में गाड़ी फिसल गई। अगर पीछे से कोई बड़ा वाहन आ रहा होता, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। ठेकेदार को कम से कम संकेतक तो लगाने चाहिए। कार चालक अमित ने बताया है कि कलेक्टरोरेट रोड पर हर वक्त ट्रैफिक रहता है। बिना किसी सूचना के सड़क में संकेतक न होने से जाम की स्थिति बनी रहती है और गाड़ियों के टकराने का डर बना रहता है।

### दुर्घटना की बनी रहती है संभावना

इस मार्ग पर स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालय होने के कारण छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों का आवागमन निरंतर बना रहता है। निर्माण स्थल के पास सुरक्षा घेरा बेरिकेडिंग न होने से पैदल चलने वाले लोग, विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग, जोखिम में हैं। भारी वाहनों के गुजरने के दौरान उड़ती धूल दृश्यता को शून्य कर देती है, जो किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है। संबंधित विभाग को निर्माण कार्य में हो रही इस लापरवाही पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए एवं ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वह कार्यस्थल पर अनिवार्य रूप से रेडियम स्टिकर, सूचना बोर्ड और बेरिकेडिंग की व्यवस्था करे, ताकि आम जनता सुरक्षित आवागमन कर सके।

## अतिक्रमण के विरोध में नेशनल हाईवे पर धरना 8 को, नपा प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद**। नगर के वार्ड क्रमांक 16 त्रिमूर्ति कॉलोनी में त्रिमूर्ति सहकारी गृह निर्माण समिति की लगानी भूमि के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण के विरोध में 08 फरवरी रविवार को क्षेत्रवासी नेशनल हाईवे 353 पर धरना प्रदर्शन करेंगे। धरनारत नागरिक ने 02 फरवरी को नगर पालिका परिषद एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को पृथक-पृथक ज्ञापन सौंपकर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लगानी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण से भविष्य में दुकानों की संख्या में अनियंत्रित वृद्धि होगी, जिससे प्रस्तावित व्यवसायिक कांप्लेक्स के निर्माण में गंभीर बाधा उत्पन्न होगी। अवैध कब्जों के कारण भीड़ बढ़ेगी, सड़क संकरी होगी और इससे यातायात जाम एवं दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहेगी। धरना आयोजित करने वाले नागरिकों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर त्रिमूर्ति कॉलोनी के पूर्व अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा 14 जनवरी को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी, किंतु अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। नगर पालिका एवं प्रशासनिक उदासीनता से आक्रोशित होकर क्षेत्रवासियों ने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी कि कॉलोनी की लगानी भूमि की सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और अधिक व्यापक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सार्वजनिक की जाए पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की किताब

**रायपुर।** गलवान घाटी संघर्ष 2020 को लेकर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे द्वारा पुस्तक में किए गए खुलासों तथा इस विषय पर संसद में राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने के विरोध में युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ द्वारा बुधवार को राजीव गांधी चौक पर विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र सरकार की चुप्पी व नीतियों के खिलाफ आक्रोश जताया गया। प्रदर्शनकारियों ने गलवान मामले पर प्रधानमंत्री से जवाब, शहीद जवानों की शहादत पर जवाबदेही तथा सच्चाई देश के सामने लाने की मांग की। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा, गलवान संघर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा व जवानों के सम्मान से जुड़ा विषय है, जिस पर सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, सजल चंद्राकर, गुलजेब अहमद, नीरज घोरे, आस मोहम्मद, आदिल आलम, अमिताभ घोष सहित जिला युवा कांग्रेस शहर व ग्रामीण के पदाधिकारी-कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### दो अलग-अलग मामलों में तीन गांजा तस्करों को कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** गांजा तस्करी के दो अलग-अलग प्रकरणों में विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट ने कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। एक प्रकरण में कोर्ट ने दो तस्करों को 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। एक अन्य प्रकरण में आरोपी को कोर्ट ने सात वर्ष कैद के साथ 75 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार गंज थाना क्षेत्र में पौने 17 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार उत्तरप्रदेश तथा बिहार के युवक सुनील निषाद तथा दीपक कुमार भारती को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने दोनों तस्करों को 17 जून 2024 को तेलंघानी नाका के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया था।

### आउटर में हेलमेट अनिवार्य करने की मांग

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर रायपुर शहर के आउटर में हेलमेट अनिवार्य करने की मांग की है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने कहा है कि रायपुर शहर अब महानगर बनने जा रहा है, शहर में लोग धीरे गाड़ी चलाते है परंतु आउटर में युवा वर्ग बहुत तेज गाड़ी चलाते है, आपने जनता को जागरूक करने के लिए हेलमेट पहनकर स्कूटर चलाई। आपसे 5 साल पहले भूपेश बघेल ने भी जनता को जागरूक करने के लिए हेलमेट पहनकर स्कूटर चलाई थी तथा 10 साल पहले डा. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए हेलमेट पहनकर स्कूटर चलाई थी।

# वन अपराध रोकने में नाकाम वन विभाग अब ग्रामीणों को लड़ाने की योजना बना रहा


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिकार की घटना रोकने में नाकाम वन विभाग, वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन अब ग्रामीणों को लड़ाने की तैयारी कर रहा है। इसकी पुष्टि 12 दिसंबर 2024 को समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय से हो रही है। राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक हजारों की संख्या में विलुप्त के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीवों का शिकार किया गया है। शिकार की घटना में आरोपी पकड़े भी गए हैं, लेकिन किसी भी शिकारी को विभागीय अधिकारी आज तक कोर्ट से सजा नहीं दिला पाए हैं। इसका कारण वन विभाग के अफसर तथा विवेचकों द्वारा कोर्ट में सही तरीके से तथ्य पेश नहीं कर पाने के साथ कमजोर पीओआर दर्ज करना है। समीक्षा बैठक में शामिल 15 भारतीय वन तथा चार राज्य वन सेवा के अफसरों ने शिकार की घटना रोकने जो निर्णय लिया है, उसके मुताबिक अफसरों का निर्णय कुछ इस तरह से है। इन्हें सामाजिक स्तर पर बहिष्कृत करने के लिए संबंधित गांव के मुखिया, धर्मगुरु, प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं समाज सेवी संस्था के साथ बैठक कर उनके गांव में कैंप लगाकर घटित हुए अवैध शिकार के फोटोग्राफ्स उन्हें दिखाकर वन्यजीव अपराध की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने अपील करें तथा अपराधी को दंडित करने अथवा बहिष्कृत करने अपील की जाए। बैठक पहले कवर्धा वनमण्डल एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत किये जाने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अपराधियों, संदिग्धों की सूची संधारित करने के निर्देश दिए गए।

## शिकार रोकने शिकारियों की पहचान कर उनका सामाजिक बहिष्कार कराने की योजना बना रहा विभाग

### टोनही प्रताड़ना की तरह सामाजिक बहिष्कार

सामाजिक बहिष्कार भी टोनही प्रताड़ना की तरह है। गांव में किसी परिवार का बहिष्कार करना होता था, इसके लिए गांव के रसूखदार उस परिवार के खिलाफ साजिश कर टोनही होने का आरोप लगा देता था। किसी परिवार की महिला पर टोनही होने का आरोप लगने के बाद गांव के लोग उस परिवार का सामूहिक रूप से बहिष्कर कर देते थे। कुछ इसी तरह की प्रताड़ना शिकारी का सामाजिक बहिष्कार है। गांव में जिस व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार होता है, ग्रामीण उस व्यक्ति के पूरे परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर देते हैं।




### विवाद की स्थिति निर्मित होगी

शिकार पर अंकुश लगाने विभागीय अधिकारियों द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर शिकारी का सामाजिक बहिष्कार कराए जाने लोगों को प्रेरित करने से गांव में तनाव के साथ विवाद की स्थिति निर्मित होगी। गांव वाले किसी के साथ विवाद होने पर एक दूसरे को फंसाने किसी वन्यजीव का शिकार करेंगे।

### सामाजिक बहिष्कार अनुचित

शिकार की घटना रोकने वन विभाग के अफसरों को गांव में जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सामाजिक बहिष्कार पूरी तरह से गलत है। गांव में किसी का सामाजिक बहिष्कार किया जाता है, उस एक के कारण गांव वाले पूरे परिवार का बहिष्कार कर देते हैं। इससे उनकी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक ताना-बाना बुरी तरह से प्रभावित होता है। वन अपराधियों को वन्यजीव अधिनियम का पालन करते हुए कोर्ट से सजा दिलानी चाहिए।

**- डॉ. दिनेश मिश्रा, अध्यक्ष, अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति**

**कार्यक्रम : छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत रजत जयंती महोत्सव का आयोजन**

# उपभोक्ताओं के प्रकाशमय जीवन की विद्युत विभाग को रहती है चिंता: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल के गठन का 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ राज्य विद्युत रजत जयंती महोत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। इसी क्रम में संभागीय स्तर के कार्यक्रम का आयोजन 05 फरवरी 2026 को बिजली ऑफिस परिसर बीटीआई रोड महासमुंद में भी किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छग राज्य बाल कल्याण परिसर के प्रांतीय सचिव धर्मेंद्र महोबिया, भाजपा जिला मोर्चा के अध्यक्ष अमन वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, पार्षद राहुल आवडे, विजय साव, भाजपा नेता पंकज चंद्राकर, पंडित जवाहर त्रिवेदी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वायके मनहर एवं कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आयोजन में उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ व गुलाल चंदन से स्वागत अभिनंदन किया गया। आयोजन के दौरान पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थी, बीपीएल कनेक्शनधारी उपभोक्ता, महिला उपभोक्ता, कृषि पंप उपभोक्ता, घरेलू एवं गैरघरेलू उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान टेलीविजन के माध्यम से विद्युत विकास का सफरनामा वीडियो दिखाया गया। इस दौरान रजत जयंती महोत्सव के आयोजन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने सभी को छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती महोत्सव की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि विभाग की अथक परिश्रम, प्रयास, मेहनत का परिणाम है कि आज पूरे प्रदेश में 24 घंटा विद्युत विभाग के विभिन्न सेवाओ से लोग लाभान्वित हो रहे है। यह एक ऐसा विभाग है जो सरकार के कार्य दिन रात करने में लगे रहते है, क्योंकि इन्हें प्रदेश के उपभोक्ताओं की प्रकाशमय जीवन की चिंता रहती है। कार्यक्रम का सफल संचालन में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा एवं सहायक अभियंता समीर नियोगी, सहायक अभियंता मुक्तेश्वरी साहू, सहायक अभियंता प्रियंका साहू, अनुभाग अधिकारी केएल निर्मलकर, पीके वास्तव, सीके साहू, विकास गिरी गोस्वामी, अनुभाग अधिकारी डीआर अंबिलकर, डीआर चंद्राकर तथा बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं व कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी एवं आभार व्यक्त विद्युत विभाग के अनुभाग अधिकारी राजेश देवागंन द्वारा किया गया।

# पेयजल संकट से निपटने 21 स्थानों पर बोरवेल खनन कराने पार्षदों ने की मांग

**मोवा स्थित जोन 9 दफ्तर में जोन अध्यक्ष ने अधिकारियों और पार्षदों की बैठक ली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर नगर निगम के आउटर में स्थित वार्डों में पेयजल संकट से निपटने अभी से तैयारी शुरू हो गई है। जल संकट संभावित इलाकों से पेयजल आपूर्ति के लिए बोरवेल खनन कराने पार्षदों ने मांग की है। मोवा स्थित जोन 9 कमिश्नरी में बुधवार को एक बैठक रखी गई।

जोन अध्यक्ष गोपेश साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में जोन 9 कमिश्नर सहित जोन के अधिकारी, कर्मचारी और संबंधित वार्डों के पार्षद शामिल हुए। इस दौरान अलग-अलगक 21 स्थानों पर पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए बोरवेल खनन कराने की मांग वार्ड पार्षदों ने रखी। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी के मोवा, दलदल सिवनी, ब्रम्हदेव नगर, कचना, भवानीपारा, ,सड्डू के बंजरपारा, खालबाड़ा क्षेत्र, जीएडी कालोनी कचना, कांपा बस्ती, लोधीपारा, प्रधानमंत्री आवासीय परिसर कचना, दलदल सिवनी और लभांडी के संकल्प सोसायटी, फुंडहर, सूरजनगर, जोरा के नाला पारा क्षेत्र में पेयजल समस्या को दूर करने बोरवेल खनन समय रहते करवाने वार्ड पार्षदों ने सुझाव दिए।

जोन अध्यक्ष गोपेश साहू ने बताया कि ग्रीष्मकाल को ध्यान रखते हुए जोन अंतर्गत सभी 7 वार्डों में संभावित पेयजल संकट से निपटने हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य रहा। बैठक में वार्डवार समीक्षा की गई जिसमें सभी पार्षदों बारी-बारी से अपने-अपने वार्डों में वर्तमान जल आपूर्ति की स्थिति, बोर खनन, टैंकर व्यवस्था, पाइपलाइन से संबंधित समस्याओं तथा नागरिकों की शिकायतों की जानकारी दी। इस मौके पर वैकल्पिक जल व्यवस्था, नियमित निगरानी एवं त्वरित समाधान की रूपरेखा तैयार की गई। जोन अध्यक्ष गोपेश साहू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव को नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पंडित लालबहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने ब्रम्हदेवनगर में पेयजल संकट को देखते हुए दो स्थानों पर बोरवेल खनन की मांग की। सूरजनगर, फुंडहर और लभांडी में पानी की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में इसके अतिरिक्त जोन क्षेत्र में हो रही अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई, वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेम सेन, पार्षद रेणु -जयंत साहू, मोहन साहू, प्रभा -मनोज विश्वकर्मा, सावित्री -भारत धीवर, जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सहित जोन 9 के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नंदनवन में अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी**

# नंदनवन का संचालन रायपुर वनमंडल के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नंदनवन पक्षी विहार का संचालन रायपुर वनमंडल को दे दिया गया है। इसके पूर्व नंदनवन का संचालन जंगल सफारी प्रबंधन करता था। नंदनवन में जारी अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी।

**हरिभूमि फॉलोअप**

इसके बाद वनमंत्री केदार कश्यप तथा क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत नंदनवन पक्षी विहार का जायजा लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान वनमंत्री ने नंदनवन का संचालन रायपुर वनमंडल के सुपुर्द करने निर्देश दिए थे। जारी आदेश के मुताबिक 31 जनवरी 2026 को नंदनवन पक्षी विहार को रायपुर वनमंडल के सुपुर्द करने निर्णय लिया गया है। निर्णय के अनुसार नंदनवन पक्षी विहार के बाड़े में पक्षियों की सुरक्षा, रख-रखाव की जिम्मेदारी रायपुर वनमंडल करेगा। मंत्री ने नंदनवन को नए सिरे से संवारने के निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक खर्च के लिए 30 लाख रुपए आबंटित किया गया है।


पक्षियों पर चूहों का हमला-मौत की खबर से वन महकमे में मचा हड़कंप, मंत्री-विधायक पहुंचे


### ग्रामीणों ने किया था विरोध

नंदनवन में चूहों ने सैकड़ों की संख्या में अपने लिए बिल बना लिए हैं। चूहा पक्षियों के दाना चुगने बिल से निकलते हैं। दाना चूगने के दौरान चूहों के कुतरे जाने से कई विदेशी पक्षियों की मौत हो गई थी। चूहों के कुतरने से पक्षियों की मौत होने के बाद सफारी प्रबंधन नंदनवन से विदेशी पक्षियों को शिफ्ट करने की फिराक में था। इस दौरान सफारी प्रबंधन कुछ विदेशी पक्षियों को जंगल सफारी शिफ्ट कर दिया। इस बात की जानकारी मिलने पर ग्रामीण नंदनवन पहुंच जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पक्षियों को ले जाने से रोका। इसी तरह ग्रामीणों के विरोध के चलते सफारी प्रबंधन नंदनवन से चीतल जंगल सफारी शिफ्ट नहीं कर पाए। नंदनवन के रायपुर वनमंडल में शामिल होने के बाद अब वहां से चीतल जंगल सफारी शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# डाक्टरों के अभाव से जूझ रहे दो सरकारी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, तीसरा पीपीपी मोड पर

**रायपुर, बिलासपुर के अस्पताल 40 डाक्टरों के भरोसे, जगदलपुर के लिए हुए एमओयू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




गंभीर बीमारी के इलाज के लिए प्रदेश में संचालित तीन सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में से दो डाक्टरों की समस्या से जूझ रहे हैं और तीसरे का संचालन पीपीपी मोड पर किया जा रहा है। रायपुर का डीकेएस और बिलासपुर का दिलीप सिंह जूदेव हास्पिटल 40 डाक्टरों के भरोसे संचालित हो रहा है, जबकि यहां 135 पद स्वीकृत हैं। सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के अलग कैडर और नियमित भर्ती इसकी बड़ा कारण है।

प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को अपनी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए राजधानी तक का सफर नहीं करना पड़े, इसके लिए बिलासपुर और जगदलपुर में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की शुरुआत की गई है। इसमें जगदलपुर के अस्पताल का संचालन करने तेलगांना के हेल्थ ग्रुप से समझौता किया गया है। उनके द्वारा अस्पताल में उपकरणों के साथ मानव संसाधन की व्यवस्था भी की गई है। बिलासपुर और रायपुर के अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। यहां मरीजों को जरूरी इलाज की सुविधा तो मिल रही है मगर आवश्यकताओं के हिसाब से वह काफी कम है। दोनों हास्पिटलों में सबसे बड़ी कमी चिकित्सकों की है। वैसे तो सेटअप के हिसाब से दोनों अस्पतालों में डाक्टरों के कुल 135 पद स्वीकृत है। मगर यहां काम करने वालों की संख्या आधे से भी कम है। दोनों अस्पताल कुल 40 डाक्टर काम कर रहे हैं और 95 पद रिक्त पड़े हैं। सूत्रों के मुताबिक इसकी प्रमुख वजह डाक्टरों की सीधी भर्ती का अभाव है। पड़ोसी राज्य यानी मध्यप्रदेश में रिक्त पदों पर सीधी और नियमित भर्ती का अधिकार मेडिकल कालेज के डीन और डीएमई स्तर पर पूरी कर ली जाती है जबकि छत्तीसगढ़ में इसके लिए शासकीय स्तर पर पूरी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। राज्य में अब तक सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का कैडर नहीं बना है इसकी वजह से उन्हें इस हिसाब से सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है।

### तीन हास्पिटल नियमित

दोनों हास्पिटल में नियमित डाक्टर के रूप में कुल तीन डाक्टर कार्यरत है और संविदा चिकित्सकों की संख्या 37 है। डीके अस्पताल में तो अक्सर डाक्टरों के नौकरी छोड़ने की समस्या सामने आती है। इसकी वजह डाक्टरों के नियमित नहीं किया जाना है। सूत्रों का कहना है कि नियमितिकरण के अभाव में अगर संलग्नीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है तो भी पलायन करने वाले डाक्टरों का रोका जा सकता है। शासन द्वारा इस ओर भी अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और डाक्टर

**डीकेएस हास्पिटल रायपुरः-** कुल 57 पद स्वीकृत जिसमें 2 नियमित और 30 संविदा यानी कुल 32 कार्यरत और 25 की कमी

**दिलीप सिंह जूदेव हास्पिटल बिलासपुरः-** कुल 78 पद स्वीकृत जिसमें 1 नियमित और 7 संविदा यानी कुल 8 कार्यरत 70 की कमी

# सर्वर के कारण 4 दिन से बंट नहीं पाया दो माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में दो माह का एक साथ चावल बांटने का आदेश राशन कार्ड धारकों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। एक तारीख से कार्ड धारकों को दो माह का चावल मिलना था, लेकिन आज चौथा दिन है, पर अब तक किसी भी राशन दुकान में चावल वितरण शुरू नहीं हो पाया है, जिसके कारण कार्ड धारकों को भी दुकानों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इधर सर्वर ठीक होने के बाद अगर आज से राशन दुकानों में चावल वितरण शुरू होता है, तो भी कार्ड धारकों की परेशानी में पड़ सकते हैं, क्योंकि दो माह का एक साथ चावल वितरण का आदेश राज्य सरकार ने जारी किया है, जबकि केंद्र सरकार एक माह का चावल ही वितरित करेगा। ऐसे में एपीएल को छोड़कर अन्य सभी कार्डों धारकों को राज्य के कोटे का दो माह का चावल तो मिल जाएगा, लेकिन एनएफएसए के तहत एक माह का ही चावल मिलेगा। इससे कारण कार्ड धारकों के ऑनलाइन एंट्री में कम चावल दिखा सकता है, जिससे धारकों को मजबूरी में दुकानों का दूसरे महीने में भी चक्कर काटना पड़ सकता है।

### दुकान संचालक एवं हितग्राही के बीच विवाद की स्थिति भी बनेगी

एपीएल कार्ड को छोड़कर अन्य सभी कार्डधारकों के लिए फरवरी और मार्च महीने का एक साथ चावल बांटने का आदेश जारी हुआ है।इस आदेश के तहत 1 फरवरी से सभी राशन दुकानों में चावल का वितरण शुरू होना था, लेकिन सर्वर की समस्या के कारण एक तारीख से लेकर 4 तारीख तक वितरण शुरू नहीं हो पाया है। इसके कारण कार्ड धारक लगातार राशन दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। इधर गुरुवार से अगर सर्वर ठीक होने के बाद चावल वितरण भी किया जाता है तो धारकों को सीजीएफएसए का चावल तो दो महीने का मिलेगा, लेकिन एनएफएसए का एक माह का ही चावल मिलेगा। इससे दुकान संचालकों और कार्ड धारकों के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित होने की संभावना रहेगी।

### चावल लैप्स होने की संभावना

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रत्येक राशन कार्ड के लिए राज्य और केंद्र द्वारा चावल आवंटन किया जाता है, जिसकी एंट्री ऑनलाइन रहती है। इस एंट्री के अनुसार ही कार्ड धारक को चावल वितरण होता है। चालू माह के 4 दिन बीत चुके हैं, वहीं चावल वितरण के लिए अब शेष 24 दिन ही बचे हैं। इनमें से भी तीन दिन सोमवार को राशन दुकानें बंद रहेंगी। इस तरह 21 दिनों में दो माह का चावल वितरण करना होगा, जो दुकान संचालकों के लिए चुनौती से कम नहीं होगा। इस दौरान कई धारकों को चावल नहीं मिला, तो उनका चावल लैप्स भी हो सकता है, क्योंकि बैक माह का चावल वितरण करने का ऑप्शन के लिए केंद्र से अनुमति लेनी होती है।

### व्यवस्था करना चाहिए

फरवरी में अगर कार्ड धारक वंचित हो जाते हैं, तो उन्हें मार्च में दो माह का चावल देने की व्यवस्था करनी चाहिए।

**- नरेश बाफना**
**अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ**

# नाले की जमीन पर कब्जा करने वाले भू माफिया का नाम हो उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने वीआईपी रोड स्थित सरकारी नाला की दिशा बदलकर बेजा कब्जा किए जाने पर ऐतराज जताया है। निगम आयुक्त को पूर्व में भी उन्होंने स्थल निरीक्षण के बाद शिकायत कर पूरे रकबे का सीमांकन कराने की मांग की। इसके साथ नाले पर कब्जा करने वाले भूमाफिया का नाम उजागर कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने आग्रह किया है। वीआईपी रोड स्थित सरकारी नाले पर बेजा कब्जा कर दिशा बदलने की शिकायत गत दिनों सामने आई। इस मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने स्थानीय लोगों के साथ स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। स्थानीय निवासियों ने उन्हें बताया की नाले से लगी हुई एक डबरी हुआ करती थी, जिसमें पशुओं को पीने के पानी की व्यवस्था थी। अब नाले के साथ सरकारी डबरी को कब्जा करने की साजिश हो रही है। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने स्थल में जाकर इसका खुलासा किया था। श्री तिवारी ने कहा कि कब्जे के खुलासे के बाद जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन ने संबंधितभूमि की सीमांकन करवाने की बात कही। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित भूमि सहित नाले का सीमांकन कराये जाने की बात कही गई।

आवश्यकता है



कुशल ड्राइवर
(ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने में सक्षम)
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं ड्राईविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

**खबर संक्षेप**

## बिरकोनी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 8 से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 8 फरवरी से 15 फरवरी तक श्रीमद महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन स्वर्गीय बृजलाल यादव, देवंतीन बाई यादव, दुर्गेश कुमार यादव की स्मृति में यादव परिवार द्वारा किया गया हैं। कथावाचक पंडित गीतांशु शर्मा एवं परायणकर्ता खिलेंद्र पांडे रायपुर वाले होंगे। 8 को कलश यात्रा, वेदी पूजन, भागवत महात्मय, श्रीमद्भागवत कथा प्रसंग, 9 को सुखदेव व्यास, कपिल, गीता, ध्रुव चरित्र, 10 को जड़ भरत कथा प्रहलाद चरित्र, अजामि लोपाख्यान, गजेंद्र मोक्ष, 11 को समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, 12 को पूतना वध, कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 13 को रास महारास, कंस उध्दार, रुक्मिणी विवाह, 14 को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, परीक्षित मोक्षा, चढ़ौतरी वर्षा, शोभायात्रा, 15 को गीता सहस्त्रधारा स्नान, यज्ञ पूर्णाहुति, भंडारा महाप्रसादी वितरण होगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1 से सांध्य तक होगा। आयोजक कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का आनंद लेने की अपील की हैं।



## बिरकोनी स्कूल में छात्रों को कराया न्योता भोज

**बिरकोनी।** प्राथमिक शाला बिरकोनी के प्रधान पाठक देवचरण साहू ने अपने जन्मदिन पर छात्रों को न्योता भोज कराया। जिसमें शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी के सभी बच्चों शामिल रहे। इस अवसर पर कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी, शैल सोनवानी, शारदा जोशी, संगीता साहू, मेघा ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

**आयोजन:** पीएमश्री विद्यालय अमलोर में हुए वार्षिकोत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

# समग्र शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव : जिपं उपाध्यक्ष भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला पीएमश्री विद्यालय अमलोर में वार्षिकोत्सव, खेलकूद हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटकों और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, हुलसी चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, अमर अरुण चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत और नाटक ने उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठक हृदय ध्रुव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों की अकादमिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पीएमश्री विद्यालय में तीन दिन के कार्यक्रम में प्रथम दिवस बच्चों के दोबारा परंपरागत खेल भौरा, बांटी, गिल्ली, डंडा एवं द्वितीय दिवस पालकों की इस खेल में सहभागिता रही।



मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में शिक्षा में समग्र विकास और शाला की उपलब्धियों पर प्रशंसा की। जनपद उपाध्यक्ष ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर अध्ययन में मन लगाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को अमर अरुण चंद्राकर, जिला समग्र शिक्षा कार्यालय से एपीसी संपा बोस एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने भी मंच को संबोधित किया। समस्त अतिथियों के दोबारा परंपरागत खेल में उत्कृष्ट स्थान बनाने वाले छात्र एवं पालकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने देश भक्ति, छत्तीसगढ़ कला संस्कृति, शिक्षाप्रद नाटक, अभिनय से समस्त दर्शकों का मन मोहा। कार्यक्रम का आभार घनश्याम ठाकुर प्राचार्य ने किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बाबूराम ध्रुव, हेमंत ध्रुव, रूपा जयप्रकाश यादव सरपंच, रामप्रसाद ध्रुव, विजय तिवारी, पीपी पांडेय, जोगिंदर गिलहरे, प्रतिभा त्रिपाठी, बल्लू राम नेताम, गैंदू राम ध्रुव, जितेश ठाकुर, खुमान सिंह ध्रुव, मेष गेंड्रे, बाबूलाल ध्रुव, लखन लाल साहू, रीना चंद्राकर, कृष्ण कुमार ठाकुर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रतिभा सिदार, राजू कंवर, रामकिशन निषाद, सोमन ध्रुव, संतोष ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# हजरत जाकिर शाह कादरी बावनकेरा का उर्स आज व कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अशोक जख्मी बनारस यूपी का कव्वाली होगा आकर्षण का केंद्र



पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध हजरत जाकिर शाह कादरी रहम तुल्लाह अलैह बावनकेरा का 68वां उर्स पाक 6 फरवरी से प्रारंभ होगा। 7 फरवरी को हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में प्रार्थना होगी। रात्रि 10 बजे से बनारस उत्तर प्रदेश से अंतर्राष्ट्रीय कव्वाल अशोक जख्मी का कव्वाली आकर्षण का केंद्र होगा।

उक्त जानकारी देते हुये सलीम अशरफी ने बताया कि आपसी सद्भावना का श्रद्धा बावनकेरा का उर्स सात दशकों से बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सहित देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का जमावड़ा होता है। अपनी मुरादें पूरी कर वापस लौटते हैं। इस अवसर पर 6 फरवरी को गरीब मुस्लिम परिवारों के लिए सामूहिक विवाह, आम लंगर और तकरीर का कार्यक्रम होगा। 7 फरवरी को बाबा के जन्मदिन पर तराना मटका पार्टी दुर्ग की अगुवाई में कलाम पेश करते हुये शाम 5 बजे सामूहिक चादरपोशी होगी। शाम 7 बजे से बच्चों का नातिया कार्यक्रम एवं रात्रि 10 बजे से भव्य कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित होगा।

कार्यक्रम की सफलता के लिए मो. ईस्माइल, गुलजार खान, शकील खान, फरीद खान, असलम, रसूल, रमजान खान, पीर मोहम्मद, उस्मान खान, बल्लू, इदरीश खान, इब्राहिम खान, हसन, हनीफ, उर्स कमेटी सदर आबिद खान, मुतवल्ली जमील खान, तामीर कमेटी सदर अलीम अशरफी सहित समस्त ग्रामवासी, मुस्लिम जमात जुटे हुए हैं।

# सशिमं में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा एवं विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में विदाई के अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात छात्र/छात्राओं ने अपने विद्यालय में बिताए हुए विचार भी रखें। विदाई पर समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा द्वारा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए संदेश देते हुआ कहा कि आप सभी ने स्कूल से बहुत कुछ सीखा है, अब जीवन के नए अध्याय में अपनी प्रतिभा से दुनिया को रोशन करें। उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ाते हुए, हमेशा ईमानदारी और दयालुता के मूल्यों को अपनाएं। मुश्किलें आएंगी, लेकिन हार नहीं मानना है, डटकर मुकाबला करना है। विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने विदाई पर संदेश दिया कि यह विदाई सिर्फ विदा होना है, यादें नहीं। यह स्कूल और हमारे आशीर्वाद हमेशा आपके साथ रहेंगे। अपने सपनों को ऊंची उड़ान दें, लेकिन अपनी जड़ों को कभी न भूलें। साहस के साथ आगे बढ़ें। विद्यालय परिवार आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। पश्चात विदाई समारोह पर कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा बारहवीं के छात्र-छात्राओं के विद्यालय में अंतिम वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें उपहार भेंट किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन में कक्षा ग्यारहवीं के गणित समूह, विज्ञान समूह एवं कॉमर्स समूह के विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य / दीदी उपस्थित थे।




# अछोली में राजिम जयंती महोत्सव व सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अछोली में राजिम जयंती महोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन 6 फरवरी को किया गया है। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में संजय श्रीवास्तव (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त), अध्यक्षता राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना का संस्थापक अशवंत तुषार साहू, आलोक सिंह ठाकुर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंदूलाल साहू (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त), चंद्रहास चंद्राकर की बीज निगम अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास्तव, इंद्रजीत गोल्डी आयुक्त स्काउट गाइड, विधायक संदीप साहू, विधायक राजू सिंहा, विधायक रोहित साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, नगर पंचायत तुमगांव बलराम साहू, समस्त महासमुंद जनपद पंचायत सदस्य, महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के सरपंचगण, ग्राम अछोली के पूर्व सरपंच प्रेमचंद साहू, पूर्व सरपंच संतराम साहू, उपसरपंच मोगरा साहू, पूर्व उपसरपंच ललित साहू, ग्रामीण अध्यक्ष गुलजारी साहू, साहू समाज ग्रामीण अध्यक्ष रवि साहू, आयोजन समिति भूखन साहू व समस्त ग्राम से अछोली होंगे।



# गर्मी से पूर्व जल व्यवस्था सुदृढ़ करने पालिकाध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जल एवं लोक निर्माण विभाग की बैठक में नपाध्यक्ष ने दिए आवश्यक निर्देश

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने कक्ष में जल विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष साहू ने नगर के पानी टंकियों को भरने तथा इंटकवेल के मोटरों को कार्यशील बनाए रखने और व्यवस्थित रूप से नगर में जल की आपूर्ति करने के लिए कर्मचारियों को बेहतर समन्वय तथा कार्य योजना बनाकर कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि टंकियों की भराई में यदि कोई समस्या आ रही है तो अभी से उसे व्यवस्थित कर लें। उन्होंने गर्मी के पूर्व पेयजल संकट से निपटने सम्बंधित कर्मचारी को अवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी में नागरिकों को सुगम पेयजल की आपूर्ति करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही लोक निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए पारदर्शिता पूर्ण तथा समय बद्ध कार्यों में गति लाने निर्देशित किया। बैठक में प्रमुख रूप से उपअभियंता साधना अहिवार, जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार, पीडब्ल्यूडी प्रभारी नरेश ध्रुव, सेतराम साहू, मनहरण यादव रियाज अली, नंदकुमार, ताराचंद यादव, पीलूराम साहू, केमिस्ट धनंजय पटेल, स्वच्छता प्रभारी नौशाद बख्श आदि उपस्थित रहे।



## तुमगांव स्कूल में प्रतिभाशाली व सांस्कृतिक प्रतिभाओं का हुआ उत्साहवर्धन


**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में अध्ययनरत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उत्साहवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारती संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला स्तर टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले एवं विकासखंड स्तर पर टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने छात्रों व विद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेने वाले बच्चों को इस अवसर पर प्रेरणा स्वरूप पानी की बोतलें, पेन, कॉपी, प्रमाण पत्र वितरित की गईं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि राकेश तिवारी, पार्षद शिव यादव, पार्षद राकेश धीवर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विमला बांधे, उपाध्यक्ष कुसमा कुर्रे, संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, जितेंद्र साहू, बलराम नेताम, प्रभा कोसले, ममता विश्वकर्मा, गुंजा खूंटे, बिरझा धीवर, गीतू धीवर, नंदनी धीवर, शकुंतला पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रोत्साहन से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू ने आभार व्यक्त किया।



## वार्षिकोत्सव में शामिल हुए हर्षित

महासमुंद। शहर के बागबाहरा रोड स्थित शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में आनंद मेला और वार्षिक उत्सव में समिति के डायरेक्टर हर्षित चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होनें सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई।



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के किसानों को मिली राहत



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के हित में एक अहम और राहत भरा फैसला लेते हुए कुछ कैटेगरी के किसानों के लिए धान खरीदने की डेडलाइन बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य के तीन कैटेगरी के किसानों को धान बेचने के लिए दो दिन 5 और 6 फरवरी 2026 दिए गए हैं। इस फैसले से उन किसानों को काफी राहत मिली है। धान खरीदी पर सीएम साय का बड़ा ऐलान, वंचित किसानों को फिर बेचने का मौका मिला है। किसानों को उनकी मेहनत का पूरा राहत मिल है दो दिन में किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

### तीन दिवसीय सत्संग कौहाकुड़ा में कल से

**महासमुंद।** कबीरपंथी समाज सत्संग समिति द्वारा ग्राम कौहाकुड़ा में तीन दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 7 फरवरी से 9 फरवरी तक किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में सदगुरु कबीर आश्रम सुहालिया मध्यप्रदेश की साध्वी ज्योति कला साहेब अपनी साध्वी मंडली के साथ पहुंच रही है। उक्त जानकारी देते हुए रोशन, नोहरदास, युवराज व मायाराम साहू ने बताया कि प्रवचन प्रतिदिन सुबह 10 से 1 व 3 से 6 बजे तक होगा।

### कहार भोई समाज का प्रदेश स्तरीय महासभा कल से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज छत्तीसगढ़ में आगामी प्रदेश स्तर में महासभा का दो दिवसीय आयोजन साहू समाज भवन रायपुरा में 07 एवं 8 फरवरी को किया गया है। विदित हो यह वर्ष महासभा का चुनावी वर्ष है। जिसमें महासभा अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष के पद के लिए पदाधिकारियों का चुनाव होना तय हुआ है।

### ठेठवार समाज की वार्षिक बैठक 8 को

**झलप।** कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा की वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह 08 फरवरी रविवार को ग्राम भानपुर (बलौदाबाजार) में आयोजित है। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होकर सायं 6 बजे समापन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, पूर्व संसदीय सचिव व सभाध्यक्ष तुलाराम यादव, अध्यक्ष कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा रहेंगे। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वी ,12वी में 70 प्रतिशत या उससे ऊपर पाये छात्र/छात्राओं का सम्मान किया जाएगा व समाज में लगातार सेवा दे रहे सामाजिकजनों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आय-व्यय की जानकारी, सामाजिक चिंतन, समाज को नई दिशा प्रदान करने पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की सहभागिता के लिए अधिक से अधिक संख्या में स्व जातीय बंधु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरीश यादव संरक्षक, घनश्याम यादव कोषाध्यक्ष, दुलार यादव, प्रमुख सलाहकार, माधोराम यादव उपाध्यक्ष, निरंजन यादव, रिखीराम यादव, शंकर यादव, डिगेश यादव, युधिष्ठिर यादव(पंच), देवसिंह यादव जनपद सदस्य सहित भानपुर के सभी स्वजातीय बंधु तैयारी में जुटे हुए है। उक्त जानकारी कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज के सचिव सोमकांत यादव ने दी है।

# सरेकेल में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन शासकीय उच्च प्राथमिक शाला सरेकेल मैदान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कौशिल्या ठाकुर जनपद सदस्य, अध्यक्षता सरपंच राजकुमारी भुवन साहू, विशिष्ट अतिथि दिनेश्वर साहू अध्यक्ष सरपंच संघ, कुरूभाटा सरपंच दुर्गा रूपलाल, सरपंच तुरेंगा चंपा रूपधर पटेल, लोकनाथ दीवान प्राचार्य तुरेंगा, विजया लक्ष्मी सिदार प्रचार्य झलप, शहीद खान संकुल समन्वयक तुरेंगा, सतीश तिवारी संकुल समन्वयक झलप, कौशल सिन्हा संकुल समन्वयक छिलपावन, भोजराम ध्रुव अध्यक्ष ग्रा.वि. समिति सरेकेल, बेद राम बरिहा ग्राम पटेल सरेकेल रहे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल भी एक शिक्षा का अंग है। बच्चों को हर क्षेत्र में मौका मिले यही हमारी पहली प्राथमिकता है। गांव के बच्चों में बहुत प्रतिभा है। इनको आगे लाने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करना होगा। साथ ही पढ़ाई पर भी अच्छे से ध्यान देना होगा।



विभिन्न प्रतियोगिता में जिन्होंने भाग लिया उनमें प्राथमिक शाला स्तर (बालक) कबड्डी में प्रथम-सरेकेल, द्वितीय - कुर्रभाठा, रिले रेस प्रथम-सिंघरूपली द्वतीय –अमोरी, 100 मी दौड़ में प्रथम यस सिंघरूपली, द्वितीय- समर ध्रुव सरेकेल, तृतीय-अंशु अमोरा। बोरा दौड़ प्रथम पुष्कर यादव सिंघरूपली, द्वितीय-अंशकुमार अमोरा, तृतीय-हर्ष ध्रुव कोलपदर, जलेबी दौड़- प्रथम-राधेश्याम अमोरी द्वितीय-युगेंद्र दीवान सिंघरूपली, तृतीय दीपांश ध्रुव, लंबी कुर्सी दौड़-प्रथम शाहिद दीवान सिंघरूपली, द्वतीय-हर्ष बरिहा पाटदादर, तृतीय-गैंद खड़िया, अमोरी बालिका वर्ग प्रथमिक स्तर कबड्डी -कुरूभाठा सिंघरूपली, रिलेरेश में सिंघरूपाली, सरेकेल 100मी दौड़ साधना सिंघरूपली, प्रियंका कुर्रभाठा, राशि सरेकेल लोटा दौड़ -श्रुति कोलपदर, हेमन सिंघरूपाली, करिश्मा सरेकेल कुर्सी दौड़- कनक बरिहा पाटनदादर, तारिणि निषाद सिंघरूपाली, धारिणी दीवान तुरेंगा। जलेबी दौड़-थानीय मिरी गोंगल, लीना बरिहा तुरेंगा, बबिता अमोरी। पूर्व माध्यमिक शाला स्तर विजेता-कबड्डी बालक-प्रथम सरेकेल, द्वतीय कुर्रभाठा बालिका-सरेकेल प्रथम, कुर्रभाठा द्वितीय, 100 मीटर दौड़ बालक-प्रथम -लक्की सरेकेल, द्वितीय इंद्रजीत कुर्रभाठा, तृतीय-नीतीश कछारडीह, 100 मी दौड़ बालिका-चांदनी सरेकेल, सोनल तुरेंगा, मनशी कछारडीह, रिले रेस बालक-सरेकेल प्रथम, कछारडीह द्वितीय, रिले रेश बालिका-प्रथम कुर्रभाठा, द्वितीय सरेकेल लंबी कूद बालक-प्रथम गजेंद्र सरेकेल, सागर ध्रुव द्वितीय, तृतीय रेमन दीवान तुरेंगा, बालिका लंबी कूद प्रथम राधिका तुरेंगा, द्वितीय प्रिया ध्रुव कुर्रभाठा रहे।

## कार्यक्रम: नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन

# सांस्कृतिक उत्साह, रचनात्मकता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा से रहा सराबोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में प्राचार्य डॉ एसके साव के मार्गदर्शन वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर सांस्कृतिक उत्साह, रचनात्मकता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में गीत, भाषण, नृत्य एवं नाटक जैसी विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की।



कार्यक्रम में भंवरपुर की जिला पंचायत सदस्य देवकी दीवान, जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष युधिष्ठिर कर, उपसरपंच अनुराग शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पश्चात प्राचार्य एसके साव के प्रेरणादायी संबोधन ने कार्यक्रम को दिशा प्रदान की। स्वागत गीत "सुस्वागतम्" के माध्यम से अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य को विशेष महत्व दिया गया। वहीं हिन्दी को प्राथमिकता देते हुए भारत की विविध भाषाओं पंजाबी, उड़िया, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ एवं अंग्रेज़ी के गीतों पर आधारित एकल, युगल एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। अंग्रेज़ी भाषण एवं गायन प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया और विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को उजागर किया। कार्यक्रम के अंत में रेडक्रॉस शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्राचार्य एसके साव के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समापन अवसर पर सभी छात्रों, वॉलेंटियर्स एवं प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक डीजे नृत्य कर कार्यक्रम को यादगार बनाया गया। भंवरपुर के गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल आनंद से भरपूर था, बल्कि भंवरपुर की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गरिमा को बढ़ाने वाला भी रहा। उनका मानना है कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है तथा समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले व्यक्तित्व का निर्माण होता है। नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर इस दृष्टि से निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन संतोष पटेल ने किया।

# पीएम नरेंद्र मोदी आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा

### पीएम करेंगे महासमुंद की छात्रा सृष्टि से परीक्षा पे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत नौ वर्षों से निरंतर आयोजित किए जा रहे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का इस



वर्ष मुख्य आयोजन 6 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब, फेसबुक लाइव, दूरदर्शन, पीएम ई-विद्या टीवी, रेडियो चैनलों एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के लिंक प्राप्त होते ही विकासखंडों के माध्यम से सभी स्कूलों को उपलब्ध कराया जाएगा। विदित हो कि परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में इस वर्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा की कक्षा 12वीं (गणित संकाय) की छात्रा सृष्टि का चयन राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए किया गया है। जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा द्वारा जिले के समस्त विकासखंडों के संबंधित अधिकारियों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही विकासखंड स्तर पर सार्वजनिक एवं निजी स्थलों पर भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी तनावमुक्त होकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में भाग ले सकें तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## महाविद्यालय में हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**भंवरपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में 28 एवं 29 जनवरी को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना था, जिसमें महाविद्यालय परिवार पूर्ण रूप से सफल रहा। प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# पिथौरा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित पिथौरा संभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 के अंतर्गत 04 फरवरी 2026 को संभागीय कार्यालय पिथौरा एवं दशहरा खेल मैदान बार चौक पिथौरा शहर में आयोजन किया गया।




संभागीय कार्यालय पिथौरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिंकी ध्रुव उपसरपंच अमलीडीह तथा विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंहा जनपद सदस्य पिथौरा एवं जनप्रतिनिधि प्रियरंजन कोसरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी. दीवान, कार्यपालन अभियंता पिथौरा द्वारा की गई। वहीं, दशहरा खेल मैदान, बार चौक पिथौरा में आयोजित महोत्सव में मुख्य अतिथि देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा सहित पार्षदगण रामकुंवर सिंहा, मन्नूलाल ठाकुर, दीपक सिंहा, किशोर पटेल तथा उपसरपंच पंकज मटियारा लाखागढ़ एवं पिंकी ध्रुव अमलीडीह विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान नियमित रूप से विद्युत बिल भुगतान करने वाले आदर्श बीपीएल, घरेलू, व्यावसायिक, कृषि तथा पीएम सूर्यघर योजना के उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मानित किया गया। मंच से पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों ने शून्य अथवा न्यूनतम बिजली बिल आने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अन्य उपभोक्ताओं से भी अपने घरों की छतों पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने की अपील की।

इस अवसर पर सहायक अभियंता गजभिए ने विभाग की 25 वर्षों की उपलब्धियों, स्मार्ट मीटर, मोर बिजली ऐप तथा उपभोक्ता सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। पीएम सूर्यघर हितग्राही वीएस ठाकुर ने सोलर पैनल की नियमित सफाई से अधिक विद्युत उत्पादन होने की उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। अंत में श्री ध्रुवंशी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय पटेल कार्यालयीन स्टाफ ने किया।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कल तक

**महासमुंद।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा प्रवर्तित तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 07 फरवरी तक वेबसाइट eklavya.cg.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही प्रवेश से संबंधित नियमावली का अवलोकन वेबसाइट पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार के लिए 08 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक का अवसर प्रदान किया जाएगा। चयन परीक्षा 01 मार्च 2026 को होगी।

# सिरपुर मंदिर में दर्शन के बाद गौसेवा को लेकर हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप


छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी सिरपुर स्थित प्राचीन मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। दर्शन उपरांत उन्होंने गौ सेवा आयोग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गौवंश की सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की।

प्रदेश अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और गौवंश की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एवं गौ सेवा आयोग द्वारा गौशालाओं के विकास, चारा-पानी की समुचित व्यवस्था, पशु चिकित्सा



सुविधाओं के विस्तार तथा गौ तस्करी पर सख्त कार्रवाई के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक के दौरान गौ सेवा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर गौधामों की समस्याएं, संसाधनों की उपलब्धता एवं जनसहयोग से गौ सेवा को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में जिले एवं विकासखंड स्तर पर गौ सेवा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष नीलेश पटेल, जिला सदस्य गीतेश पंडा, महासमुंद विकासखंड गौसेवा आयोग सदस्य राजा अग्रवाल, राज पंडा, हनीश देवांगन, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गौ सेवक उपस्थित रहे।

### नांदगांव में क्रिकेट प्रतियोगिता 8 से



**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में नांदगांव ब्लास्टर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 फरवरी रविवार को होगा तथा फाइनल मुकाबला 15 फरवरी रविवार को खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में सॉफ्ट टेनिस बॉल से मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच 6-6 ओवर का होगा तथा नॉकआउट प्रणाली से प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एंट्री फीस 701 रुपए रखी गई है। आयोजन समिति अध्यक्ष मनीष जांगड़े ने बताया कि विजेता टीम को 15,001 रुपये, उपविजेता टीम को 10,001 रुपये (विजयलक्ष्मी जांगड़े, बबली द्वारा) तथा तृतीय पुरस्कार 5,001 रुपये प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक मैच में चौका, छक्का, विकेट सहित कई आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र की समस्त क्रिकेट टीमों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है।




# देवरी स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया इसमें कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई।

ग्यारहवीं की भारती, काजल, कुसुम, भेषकुमारी, लोकेश्वरी, दिव्या, श्रुति, खुशबू ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विभिन्न प्रकार के खेल जैसे ज्यादा से ज्यादा बिस्किट खाने का प्रतियोगिता में नीलकंठ प्रथम स्थान पर, सूरज, मुदित, नीरज द्वितीय स्थान पर रहे, लड़कियों के बिस्किट खाने के प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका, द्वितीय ईशा ठाकुर और तृतीय स्थान पर भारती रहे। पेपर डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जान्हवी, देविका, तुलसी, लक्ष्मी रहे। द्वितीय स्थान पर पल्लवी, पुष्पा तृतीय स्थान पर नीरज और मिथलेश रहे गुब्बारे फुलाने की प्रतियोगिता में प्रथम नीलकंठ द्वितीय नीरज तृतीय स्थान पर कृष रहे, छात्राओं में प्रथम




भूमिका द्वितीय जान्हवी और तृतीय प्रियंका रहे। बारहवीं के योगेश्वरी साहू और नीरज बंजारे द्वारा अपने विद्यालयीन जीवन का अनुभव साझा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि हमारा स्कूल दूरस्थ अंचल में है। अधिकांश बच्चों के माता पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर है और उन्होंने आपको शिक्षा प्राप्ति के लिए भेजा है इसलिए आप सभी को ज्यादा से ज्यादा मेहनत करना है और अच्छे नंबरों से पास होना है। विद्यालय के समस्त व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव ने अपने विचार रखें। व्याख्याता परस राम सिन्हा के सहयोग से भोजन की व्यवस्था रखी गई थी। छात्र छात्राओं को भेंट प्रदान किया गया। प्राचार्य को भी भेंट प्रदान किया गया। संचालन धनेश्वरी सेन और गायत्री साहू ने किया। इस अवसर पर आयुष चंद्राकर, रीना, प्रमिला, फिजा, वेदिका सेन, ट्विंकल महिलांग आदि का सहयोग रहा।